प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर बातचीत का दौर तेज हुआ। जदयू के नेताओं ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – बिहार ने जातिवादी राजनीति को नकार दिया है।

03. भाजपा से पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निलंबित पूर्व केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने इस्तीफा दिया।

04. और, प्रदेश में न्यूनतम तापमान में लगातार हो रही है गिरावट। अगले दो दिनों के दौरान कई स्थानों पर कोहरा छाये रहने की सम्भावना।

---

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर बातचीत का दौर तेज हो गया है। कल पटना में लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष संतोष सुमन सहित एनडीए के घटक दलों के कई नेताओं ने जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान सरकार गठन को लेकर औपचारिक बातचीत भी की गई। इधर, जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भी कल शाम नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बताया जाता है कि इस दौरान सरकार के गठन की प्रक्रिया को लेकर शुरुआती बातचीत हुई है। मौजूदा सरकार के मंत्रिमंडल की कल अंतिम बैठक होने की संभावना है। बैठक में मंत्रिमंडल को भंग करने की सिफारिश की जाएगी।

–––बाईट–––

इधर जनता दल यूनाइटेड ने अपने सभी नवनिर्वाचित 85 विधायकों को पटना बुलाया है। कल जनता दल यूनाइटेड के विधायक दल की बैठक होगी जिसमें पार्टी के अध्यक्ष नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। एनडीए के पांचों घटक दल अलग–अलग बैठक कर अपने विधायक दल के नेता चुनेंगे इसके बाद सभी की संयुक्त बैठक होगी जिसमें एनडीए का विधायक दल का नेता चुना जाएगा। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के विधायक दल की कल हुई बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को विधायक दल का नेता चुना गया। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक दल की बैठक आज होने की संभावना है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के सूरत में बिहार के लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि राज्य के लोगों ने विकास की नई ऊंचाईयों के लिए मतदान किया। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव ने देश

को महिला और युवाओं का एक ऐसा समीकरण दिया है जो आने वाले कई दशकों की राजनीति का आधार बनेगा।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि जातिवाद के नाम पर अपनी राजनीति चमकाने वालों के लिए यह चुनाव परिमाण एक सबक है।

———बाईट———

---

विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद पार्टी में आंतरिक मतभेद गहरे हो गए हैं। पार्टी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए घोषणा की कि वे राष्ट्रीय जनता दल छोड़ रही हैं और परिवार से सभी संबंध तोड़ रही है। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी की करारी हार हुई है और कार्यकर्ता प्रश्न पूछ रहे हैं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

———बाईट———

श्रीमती रोहिणी ने कहा कि उन्होंने जब यह प्रश्न उठाया तो उन्हें तेजस्वी यादव के सलाहकार संजय यादव और रमीज खान ने धमकी दी। रोहिणी आचार्य ने 2024 के लोकसभा चुनाव में सारण संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

---

उपचार के लिए विश्‍वसनीय प्रत्यारोपण और किफायती दवाएं– अमृत पहल के दस वर्ष पूरे हो गए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने नई दिल्ली में अमृत पहल की दसवीं वर्षगांठ पर कहा कि इस कार्यक्रम ने पिछले दस वर्ष में रोगियों की लगभग आठ हजार पांच सौ करोड़ रुपये की बचत की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दो सौ पचपन अमृत फ़ार्मेसी हैं।

———बाईट———

अमृत के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हमें 10 वर्ष हो गए हैं और मुझे इस बात की खुशी भी है कि मैं अमृत के माध्यम से व्यापक जनसेवा कर पा रहा हूं। इसके लिए मैं हच.एल.एल. को भी बधाई देना चाहता हूं। यह सार्वजनिक क्षेत्र में हच.एल.एल. द्वारा किए गए अच्छे प्रयासों में से एक है। मुझे बताया गया है कि अब हमारे पास 255 फार्मेसीज़ हैं।

श्री नड्डा ने पूरे देश में दस नई अमृत फार्मेसी का उद्‌घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय और प्रत्येक जिला अस्पताल में अमृत फार्मेसी स्थापित की जानी चाहिए।

---

भारतीय जनता पार्टी मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए राज्य के सभी जिलों में आज धन्यवाद मार्च निकालेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

---बाईट---

---

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष सोलह नवंबर को स्वतंत्र और दायित्वपूर्ण प्रेस की भूमिका को मान्यता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। परिषद ने 1966 में इसी दिन अपना कामकाज शुरू किया था। स्थापना के बाद से, परिषद एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करती रही है। यह पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखने और प्रेस को बाहरी प्रभावों तथा खतरों से बचाने के लिए कार्य कर रही है। इस वर्ष का विषय– बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर केंद्रित है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

राज्य के दक्षिणी हिस्से के उन्नीस जिलों में धान की खरीद शुरू हो गयी है। औरंगाबाद को छोड़कर अन्य जिलों में पैक्सों और व्यापार मंडलों ने धान खरीदना शुरू कर दिया है। किसानों को साधारण धान के लिए प्रति क्विंटल दो हजार तीन सौ उनहत्तर रूपये और ग्रेड एक धान के लिए दो हजार तीन सौ नवासी रूपये का भुगतान किया जायेगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने अपने निलंबन के बाद पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को भेजे गये पत्र में श्री सिंह ने कहा है कि उनके निलंबन का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया था। इसके अलावा विधान पार्षद अशोक अग्रवाल और पार्टी नेत्री उषा अग्रवाल को भी पार्टी ने नोटिस जारी किया है कि क्यों न उन्हें अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से निष्कासित किया जाए।

---

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट आ रही है, जिससे ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर अगले दो

दिनों के दौरान हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापामन में कोई विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना नहीं है।

---बाईट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सासाराम में न्यूनतम तापमान दस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, पटना के अधिकतम तापमान में शून्य दशमलव चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी है।

---

राज्य में धुलकण के कारण वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पटना जिले के समनपुरा का एक्यूआई तीन सौ नौ दर्ज किया गया है जबकि राजगीर की हवा सबसे स्वच्छ मापी गयी है। परिषद के अनुसार प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण निर्माण कार्य और सड़कों की सफाई नहीं होना है। इधर, मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि ठंड में तापमान कम होने के कारण हवा की गति कम हो जाती है जिससे प्रदूषित कण आपस में चिपकते हैं और नीचे ही रह जाते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ता है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले में पांच लोगों की मौत पर गहरा दुख जताते हुये घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। गौरतलब है कि जिले के मोतीपुर के वार्ड संख्या तेरह स्थित एक घर में आग लग जाने से परिवार के पांच लोगों की झुलस कर मौत हो गयी थी।

---

केन्द्र सरकार ने अज्ञात इलेक्ट्रॉनिक बाधा के कारण दो घंटे में भारतीय वायु सेना के तीन विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने के पाकिस्तानी समर्थक हैंडल के झूठे दावे का खंडन किया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जाँच इकाई ने इस दावे को झूठा बताते हुए कहा कि भारतीय वायु सेना ने आधिकारिक रूप से स्पष्ट किया है कि यह भारतीय वायु सेना का प्रशिक्षण विमान था जो एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। भारतीय वायु सेना ने कहा कि नागरिक संपत्ति को किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। सरकार ने नागरिकों से ऐसी गलत सूचनाओं से सावधान रहने और उन पर विश्वास करने या उन्हें साझा करने से पहले आधिकारिक स्रोतों से पुष्टि करने का भी आग्रह किया है।

---

पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में चार दिवसीय क्रिकेट रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के अंतर्गत आज बिहार और मिजोरम के बीच चार दिवसीय मैच खेला जायेगा। इस मैच की पूरी तैयारी कर ली गयी है। बिहार टीम के कप्तान साकिबुल गनी हैं।

---

पटना जिले के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में एक साइबर ठग ने एक व्यक्ति से सिपाही बन कर पचपन हजार रूपये की ठगी कर ली। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है— महागठबंधन के वोट बढ़े पर एनडीए ने बड़ी छलांग लगायी। विधानसभा चुनाव दो हजार बीस में एनडीए का प्रति सीट औसत वोट चौंसठ हजार छह सौ उन्नीस था, जो इस बार बढ़कर छियानवे हजार एक सौ छप्पन हो गया।

दैनिक जागरण लिखता है— सीटों और वोटों की हिस्सेदारी में जदयू सबसे बड़ा विजेता बना। एआईएमआईएम, बसपा और जसूपा ने एनडीए का काम आसान किया।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— करारी हार के बाद लालू परिवार में महाभारत। रोहिणी ने संजय को जिम्मेदार बताते हुये राजनीति छोड़ी, परिवार से भी दूरी बनायी।

प्रभात खबर की सुर्खी है— पटना जिले के एक सौ उनचास प्रत्याशियों में से एक सौ इक्कीस अपनी जमानत भी नहीं बचा सके।

आज अखबार लिखता है— एनडीए की प्रचंड जीत पर मुख्यमंत्री को बधाईयों का तांता।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर बातचीत का दौर तेज हुआ। जदयू के नेताओं ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा — बिहार ने जातिवादी राजनीति को नकार दिया है।

03. भाजपा से पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निलंबित पूर्व केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने इस्तीफा दिया।

04. और, प्रदेश में न्यूनतम तापमान में लगातार हो रही है गिरावट। अगले दो दिनों के दौरान कई स्थानों पर कोहरा छाये रहने की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।